Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 30-08-2022 अंक 329

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सुविचार







# सरकारी भवन में जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर है मलकोको की सुदामा मोसोमात

## जमीन नही होने के कारण नहीं बना पा रही आवास: सुरज दास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको निवासी सुदामा मोसोमात लगभग एक साल से स्कूल में रहने के लिए मजबूर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला का एक मिट्टी का मकान था लेकिन जमीन किसी दूसरे व्यक्ति का था। पिछले साल हुई जोरदार बारिश में उनका मिट्टी का घर गिर गया। जिसके कारण पीड़ित महिला घर से बेघर हो गई। स्थानीय मुखिया विजय यादव सहित अन्य ग्रामीणों के सहयोग से मध्य विद्यालय मलकोको का पुरानी भवन को साफ कर पीड़ित महिला के लिए रहने लायक बनाया गया। और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा बरही अंचलाधिक. ारी सहित अन्य अधिकारियों को पीड़ित महिला को जमीन मुहैया कराने के लिए आवेदन दिया। परंतु एक साल बीत जाने के बाद भी पीड़ित महिला को जमीन नही मिल पाया है। महिला ने बताई


पीड़ित महिला के साथ सूरज दास, अब्दुल उर्फ संजय वा अन्य

की वह मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रही है। महिला को घर बनाने के लिए अंबेडकर आवास मिला है पहला किस्त का भुगतान भी पीड़ित महिला के खाते में किया गया है परंतु जमीन नही होने के कारण महिला घर नही बना पा रही है।

वहीं आस पास के ग्रामीणों ने बताया की एक तरफ भूमिहीन, अनुसूचित जाति के विधवा महिला सुदामा मोसोमात जमीन के आभाव में अंबेडकर आवास नही बना पा रही है वहीं दूसरी तरफ जैतून खातून पति इस्माइल मियां विद्यालय के परिसर में जमीन अतिक्रमण कर भवन बना रही है।

**आखिर खामोश क्यों है अंचला. धिकारी : ग्रामीण**

ग्रामीणों ने बताया की इस मामले की शिकायत को लेकर


अतिक्रमण कर बनाया गया घर

अंचलाधिकारी और उपायुक्त महोदय हजारीबाग को दो दो बार आवेदन दिया गया है। साथ ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा विद्यालय परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए अनुशंसा पत्र अंचल कार्यालय के जमा किया गया है। उसके बाद भी अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने कहा की क्या अब सांसद का अनुशंसा पत्र देना होगा क्या। वहीं बरही अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर बताई की अगर महिला योग्य होगी तो जांच कर उसे अवश्य जमीन मुहैया कराई जाएगी। मौके पर समाजसेवी सूरज दास, अब्दुल उर्फ संजय एवं कई अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

# निजी विद्यालय संघ की बैठक में संगठन की मजबूती एवं एकजुटता पर जोर

## सरकार की नीतियों का विरोध, आगामी कार्यक्रम पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बरही में निजी विद्यालय संघ की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता एवं संचालन सचिव नीतेश कुमार ने किया । बैठक में संघ की एकजुटता, उसकी मजबूती एवं संघ के द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में चर्चा की गई । बैठक में झारखंड प्राइवेट विद्यालय संगठन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी सुनील कुमार दत्ता एवं नितेश कुमार के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी विद्यालय संचालकों को दी गई । बैठक में बताया गया की सरकार की गलत नीति के कारण छोटे-छोटे


बैठक में शामिल निजी विद्यालय संघ के लोग

विद्यालयों में समस्याएं आ रही हैं । जबकि ग्रामीण स्तर पर संचालित निजी विद्यालय के द्वारा ही प्राथमिक शिक्षा को मजबूत किया जा रहा है । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि निजी विद्यालय को सरकार कानूनी डंडा दिखाकर परेशान करने का प्रयास करती है तो इसका निजी विद्यालय संघ की ओर से जोरदार विरोध किया जाएगा। इसके अलावा निजी विद्यालय संघ से जुड़े सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों से दसवीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप 3 बच्चों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर विजय कुमार यादव, सुनील कुमार दत्ता, नितेश कुमार, चन्द्रदेव पंडित, सुधीर चन्द्र, राजेश केशरी, गुलाब दास, संतोष कुमार यादव, कामेश्वर यादव, बासुदेव साव, अंशु सिंह, सकलदेव यादव, रोहित कुमार यादव, समीर बड़जात्या, अनिल कुमार, कैलाश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के पिता का श्राद्ध में शामिल हुए विधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के दिवंगत पिता देवकी सिंह का श्राद्ध कर्म में विधायक उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए। विधायक उमाशंकर अकेला मंगलवार को सुबह दिवंगत देवकी सिंह के बरही स्थित आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिले एवं उनके प्रति संवेदना प्रकट किए। श्राद्ध कर्म में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला



यादव, कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, युवा अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा राज सिंह चौहान ,नीरज सिंह, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष अमित जायसवाल, केदारुत पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, समाजसेवी भोला सिंह, जदयू नेता सत्येंद्र सिंह, बासुदेव यादव, वीरेंद्र यादव, प्रकाश यादव, प्रयाग प्रसाद आदि शामिल थे।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा हर हाल में पूनम को न्याय दिलाएग : बब्लू कुशवाहा

## पूनम के परिजन से मिले अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के लोग


बरही थाना प्रभारी से मिलते हुए


दिवंगत पूनम के परिजन से मिलते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष बबलू कुशवाहा के नेतृत्व में महासभा की टीम दिवंगत पूनम कुमारी के परिजन से मिलकर घटना की जानकारी ली। ज्ञात हो कि पिछले 18अगस्त को कोरियाडीह निवासी पूनम कुमारी पिता सुरेंद्र प्रसाद की हत्या उसके घर में ही किसी हत्यारा के द्वारा कर दिया गया था। ,पूनम कुमारी बहुत ही साधारण परिवार से थी। कुशवाहा समाज के लोगों ने मृतक के परिजन को आश्वासन दिया कि पूनम कुमारी का कातिल जब तक पकड़ा नहीं जाएगा, तबतक महासभा चुप नहीं बैठेगा । परिजनों के बाद जिलाध्यक्ष एवं उनकी टीम ने बरही थाना प्रभारी ललित कुमार से भी मुलाकात कर के जल्द से जल्द हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री सूरज कुशवाहा ,महासभा के युवा जिला अध्यक्ष सागर कुशवाहा, जिला सचिव सुनील कुशवाहा, महासभा के महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मालती देवी, महासभा के उपाध्यक्ष ग्राम बरसोत निवासी कुशवाहा विष्णुधारी महतो, कृष्णा प्रसाद ,उमेश प्रसाद, दिनेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अंकिता के हत्यारे को हो फांसी की सजा : रंजीत चंद्रवंशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

दुमका की बेटी अंकिता सिंह की तड़प-तड़प कर मौत हो गई, सरकार ने उसकी सुध तक नहीं ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिकनिक मनाने में व्यस्त रहे। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने कही। उन्होंने अंकिता के हत्यारे शाहरुख को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि



घटना घोर निंदनीय है। राज्य की हेमंत सरकार बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। उन्होंने हेमंत सरकार पर असंवेदनशील होने और हत्यारे शाहरुख के प्रति नरमी बरतने का आरोप लगाया है। कहा कि झारखंड शर्मिंदा है बेटी अंकिता। वोट बैंक और तुष्टीकरण का नतीजा है झारखंड की बेटी अंकिता की नृशंस हत्या। उन्होंने हत्यारे को स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा देने की मांग की है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रजापति समाज की ओर 11 सितम्बर को आयोजित होगा अनुमंडल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

### मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में मौजूद प्रजापति समाज के लोग

झारखंड प्रजापति (कुम्हार )महासंघ की बैठक गया रोड स्थित प्रजापति भवन में भी हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रजापति समाज के अध्यक्ष संतोष प्रजापति एवं संचालन सचिव अरुण प्रजापति ने किया । बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक गोपाल पंडित एवं मुख्य संरक्षक देवधारी प्रजापति तथा तोखन प्रजापति उपस्थित रहे । बैठक में समाज की एकता पर बल देते हुए ग्राम स्तर पर कमेटी को मजबूत करने का निर्णय लिया गया । इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 11 सितंबर को होटल मधुलिका पैलेस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अनुमंडल स्तरीय होगा । इसमे मैट्रिक एवं इंटर के तीनों संकाय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण प्रजापति समाज के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मैट्रिक एवं इंटर के तीनों संकाय में ट०पर बच्चों को भी अलग से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपस्थित लोगों को जिम्मेदारी दी गई । मौके पर देवधारी प्रजाति ,तोखन प्रजापति,प्रीतम पंडित, गोपाल पंडित, दिनेश प्रजापति, रूपलाल प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, योगेन्द्र प्रजापति, सुनील प्रजापति, कमल शंकर पंडित, नारायण प्रजापति, अर्जुन पंडित,आदि लोग उपस्थित थे

## जीवन जीने की राह दिखता है मानवाधिकार : राम पदार्थ शर्मा

### भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से मनावधिकर विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


गोष्ठी में शामिल प्रबुद्धजन

भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सह वाचनालय बरही में मानवधिकार विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का सभापतित्व प्रोफेसर राम पदारथ शर्मा ने किया । जबकि संचालन का कार्य संचालक राजेश कुमार ने किया। गोष्ठी में बरही शहर के प्रबुद्ध बुद्ध लोगों ने भाग लिया। गोष्ठी में भाग लेने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत के साथ अभिनंदन करते हुए प्रोफेसर राम पदारथ शर्मा ने कहा कि मानवाधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार है । मानवाधिकार गरिमा से जुड़ा है। आज मानवाधिकार का दायरा बढ़ा है ।सरकार और गैर सरकारी संस्थानों के कामगारों की समस्या का समाधान मानवाधिकार में ही निहित है । सभा को संबोधित करते हुए ड० (प्रोफ़ेसर )संजय कुमार वर्णवाल ने कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के जन्म आधारित भिन्नता को खत्म करता है ,जागरूकता लाता है है और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया हेतु कार्य करता है । यह नारियों को उनके पूरे आवश्यक अधिकार दिलाता है । डॉ सुनील कुमार दत्ता ने बताया कि मानवाधिकार मानव के अस्तित्व और विकास हेतु आवश्यक है । त्रिवेणी साहू अवकाश प्राप्त अभियंता ने अपने विचार रखते हुए बताया कि किसी भी बच्चे का प्रथम गुरु उसकी माता होती है । भारतीय संस्कृति सदैव कर्तव्य पर जोर देता रहा है ।सभा के अंतिम चरण में मानवाधिकार आधारित काव्यपाठ किया गया । गोष्ठी में मुख्य रूप से राजेश कुमार शिक्षक , प्रोफ़ेसर राम पदारथ शर्मा, प्रोफेसर डॉक्टर संजय कुमार वर्णवाल ,प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार दत्ता , मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित थे ।




## वन विभाग ने भारी मात्रा में पोडा कोयला किया जप्त, तस्करों द्वारा बिहार भेजने की थी तैयार

### लोहावर स्थान स्थित पंजाबी होटल के पीछे बरामद हुवा कोयला, कार्यवाई की तैयारी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण – प्रखण्ड के जीटी रोड स्थित सियरकोनी जंगल में संचालित पंजाबी में लिखा एक लाइन लाइन होटल के पीछे में मंगलवार को वन विभाग व चौपारण पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में पोडा कोयला को जप्त किया है। छापामारी दल को देखते ही तस्कर जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया। इस कार्रवाई में पुलिस एवं बड़ी संख्या में वनकर्मी शामिल थे। जप्त कोयला को वन विभाग कार्यालय परिसर में रखा गया है। करवाई में शामिल प्रभारी वनपाल राहुल कुमार ने बताया गुप्त सूचना थी, उक्त स्थान पर तस्करी के लिए भारी मात्रा में पोडा कोयला छुपाकर रखा गया है जिसे बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। बताया तस्करों द्वारा अलग अलग स्थानों पर करीबन 175 बोरी कोयला छुपाकर रखा गया था, जिसे पुलिस एवं वन विभाग ने बरामद कर लिया है। इस अवैध कारोबार में शामिल तस्करों के नाम पता लगाया जा रहा है। इधर सूचना है कि कोयला बरामदगी के बाद होटल संचालक फरार हो गया है। प्रभारी वनपाल ने बताया कि अवैध कोयला तस्करों के नामो का पता लगाया जा रहा है। पहचान पर जरूर होगा कार्यवाई। छापामारी में एएसआई सच्चिदानंद रॉय, वनरक्षक पंकज कुमार ,अजीत कुमार गंझु सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे.

## अंकिता के हत्यारे को सरकार जल्द दिलाए फांसी की सजा ,

### झारखण्ड में बेटियों की सुरक्षा का सरकार को नही है चिंता

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– दुमका जिले के एक गरीब की बेटी की निर्मम हत्या पर चतरा जिला अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने झारखंड के राज्यपाल से मांग किया है कि जल्द से जल्द अंकिता के हत्या में शामिल शाहरुख एवं उसके सहयोगी छोटू खान को फांसी की सजा तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बेटियों की आबरू लूटने वालों को क्षत्रिय समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार सजा दे यदि सरकर सजा नहीं देती है तो समाज के लोग सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बेटियों की एवं बहनों की इज्जत एवं आबरू ही नहीं बचेगी तो आखिर झारखंड में बचा ही क्या है। आखिरकार एक सिरफिरे युवक ने एक तरफा प्यार कर अंकिता को मौत की नींद सुला ही दिया ।उन्होंने कहा कि यदि अंकिता के परिजनों को जल्द से जल्द उचित फैसला नहीं मिला उचित न्याय नहीं मिला तो समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी ।वही दहेज उन्मूलन समिति के सचिव त्रिभुवन सिंह ने कहा कि झारखंड में बहन बेटियों की इज्जत नहीं बचेगी तो हम जी करके क्या करेंगे,हम अपने मान सम्मान के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे ताकि अंकिता को फैसला और न्याय मिले वही इस तरह के अंकिता जैसी घटना नहीं घटे, उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी जाति या समाज हो वहां बेटियों की इज्जत होनी चाहिए यदि बेटियों की इज्जत नहीं हुई तो सरकार पर भी आफत आएगी, उन्होंने कहा कि जीने की है सभी को हक लेकिन ऐसा नहीं कि कोई हमारे घर पर आकर हमारे सामने ही हमारी बेटी बहुओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ करें,हम बर्दास्त नहीं करेंगे ।वहीं समाज के कई लोगों ने कहा की झारखंड में गुंडा गिरी चल रहा है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है सरकार को केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए ही लगा हुआ है। भले ही बेटी बहू की मिट्टी में मिल जाए ।वही हत्यारोपी शाहरु का भाई मृतक अंकिता के परिजनों को धमकी दे रहा है उस पर भी मामला दर्ज कर उसका भी गिरफ्तारी होनी चाहिए ।समाज के मंजीत सिंह,विवेक सिंह बबलू सिंह,गिरेन्द्र सिंह,संजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने जल्द फांसी की मांग की है।

## सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए की हरितालिका तीज, रखा निर्जला उपवास

### न्यू रेलवे कॉलोनी वीर कुंवर सिंह में सामूहिक हरितालिका तीज उत्सव का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


हरितालिका तीज करती सुहागिन महिलाएं

बरही के कई स्थानों में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हरितालिका तीज मनाई गई। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास कर पति की दीर्घायु की कामना की। वीर कुंवर सिंह पथ न्यू रेलवे क०लोनी में सामूहिक रूप से हरितालिका पूजा उत्सव मनाया गया। इसमे पंडित प्रमोद शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। बालू के शिव पार्वती बनाकर पूजा अर्चना किया गया। विधि विधान कराते हुए प्रमोद पांडेय ने बताया कि तीज भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है । इस दिन सुहा. गिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के साथ हरितालिका तीज का व्रत रखती है और पूजा करती हैं। वेदों के अनुसार, मान्यता है कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के हस्त नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से बहुत लाभ मिलता है। ये निर्जला व्रत होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है और पति-पत्नी के बीच आपसी प्रेम बढ़ता है। इस व्रत के कुछ जरूरी नियम होते हैं, इसके तहत कुछ खास चीजों का होना जरूरी होता है, क्योंकि इनके बिना पूजा अधूरी रह जाती है। बताया कि हरतालिका तीज पर सुहाग सामग्रियों का भी महत्व है। सुहाग की सामग्री में बिंदी, सिंदूर, कुमकुम, मेहंदी, बिछिया, काजल, चूड़ी, कंघी, महावर को भगवान शिव पार्वती को अर्पण किया जाता है। सभी सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर हरितालिका तीज की शुभकामनाएं दी। पूजा अर्चना करने वाली सुहागिन महिलाओं में पन्नम सिंह, उषा रानी, गुड़िया देवी, नीतू सिंह, राधिका देवी, स्वेता केशरी, खुशबू केशरी, गुंजा केशरी, हिमानी प्रिया, सीमा सिंह, जसवंती देवी, रिंकू देवी आदि शामिल थीं।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रविवार को तमासिन फश्वल में डूबे युवक का 55 घण्टे बाद बरामद हुआ शव

### स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एन डी आर एफ ने गबगबा दह से बरामद की शव

### उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ,बी डी ओ और थाना प्रभारी भी थे मौजूद





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :–दो दिन पूर्व अर्थात रविवार को बिहार के गया जिले से तमासिन घूमने आए चार पांच युवकों में से एक का पैर फिसलने से तमासिन में पानी की तेज बहाव में बह गया था।जिसे खोजने के लिए जिला प्रशासान, प्रखण्ड प्रशासान और थाना प्रशासान के अलावा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एवं चौपारण के गोताखोरों ने काफी कोशिश की लेकिन शव का कही अत्ता पता नहीं चला,कारण की युवक को पानी की तेज बहाव में बहने के तीन चार घण्टे के बाद तमासिन में अचानक काफी पानी नदी में बढ़ गया था।जल स्तर बढ़ने के कारण शव नहीं मिल पाया था।चतरा उपायुक्त अबु इमरान रविवार से ही तमासिन में कैम्प किए हुए थे।उपायुक्त का प्रयास भी इतना जबरदस्त की उनके जज्बे कप देख कर स्थानीय युवक भी लगातार शव को दूढ़ने में लगे रहे।हालांकि मंगलवार को राँची से एन डी आर एफ की टीम इंस्पेक्टर सरोज कुमार के नेतृत्व में तमासिन में शव की खोज बिन में लग गई।लेकिन स्थानीय केंदुवा सहोर एवं जसपुर तथा तुलबुल कन्दरी के ग्रामीण भी एन डी आर एफ की टीम की तरह शव को खोजने के लिय तमासिन से हरियोखार तक एक शृंखला बना कर खोजने लगे।जैसे ही कुछ ग्रामीण हरियोखार से तमासिम तरफ बढ़े वैसे ही गबगबवा नामक दाह में एक तैरता हुआ ब्यक्ति नजर आया।जिसके बाद इसकी सूचना प्रशासान को दिया गया।और ग्रामीणों के द्वारा बनाये गए बड़ा सा दाह के पास एन डी आर एफ भी पहुंची लेकिन दाह की गहराई और पानी की तेज बहाव को देख कर वहां उपस्थित सभी लोगो का रूह भी कांप गया।लेकिन स्थानीय लोगो ने जुगाड़ टेक्नोल०जी के माध्यम से शव को दाह से बाहर निकाला।जिस दाह मव शव था वहां से निकालना काफी मुश्किल था।शव निकलने कब बाद मृतक के परिजन में दहाड़ दहाड़ कर रोने लगे जिससे वहां उपस्-तहोत लोगो के आंखों से आँशु का धार बहने लगा।शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को श०प दिया गया।बताते चले कि युवक गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के कोचिया गांव के शत्रुघ्न सिंह का 20 वर्षीय पुत्र ऋतिक रैशन के था।इधर उपयुक्त ने तमासिन के आस पास के ग्रामीणों को बधाई भी दिए कि इस विकट परिस्थितियों में भी ग्रामीण शव निकालने के लिए ततपर दिखे।इधर उपायुक्त अबू इमरान ने कहा कि जो भी पर्यटक तमासिन आते हैं वो खतरे के निशान को पार न करें।मौके पर एस डी ओ मुमताज अंसारी,बी डी ओ हुलास महतो,जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, थाना प्रभारी विकास पासवान, एस डी पी ओ अविनाश कुमार,अरुण सिंह,विजय पासवान, विजय सिंह,बा. सुदेव यादव,एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## रितेश रविदास का असामयिक मौत परिवार व हम सबके लिए दुःखदायी : मनोज यादव

### सेवई के 21 वर्षीय युवक का बैंगलोर में मौत, पूर्व विधायक ने दिया सांत्वना, मदद का भरोशा





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बच्छई पंचायत के सेवई निवासी सुखदेव रविदास के बड़े पुत्र 21 वर्षीय रितेश रविदास का बैंगलोर में मौत हो गया। घटना की सूचना पाकर पीड़ित परिजनों से मिलने सेवई पहुँचे पूर्व विधायक ने घटना के प्रति गहरी संवे. दना प्रकट किया। पूर्व विधायक ने कहा कि रितेश का असामयिक हम सबको छोड़ कर चला जाना परिवार व हम सबके लिए पीड़ादायक है। इस दौरान पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देने हुए हर संभव मदद का भरोशा दिया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के जीजा बेला निवासी अजय रविदास ने कहा कि रितेश एक महीने पहले बैंगलोर में एलएनटी कंपनी द्वारा निर्माणाधीन मेट्रो लाइन में काम करने गया था। मौत से एक दिन पहले तक परिजनों से टेलीफिनक बात भी किया अगले दिन एकएका मौत की खबर आता है। मृतक रितेश के परिजनों ने पूर्व विधायक से कहा कि कंपनी के लाप. रवाही से बेटे का मौत हुवा है। इस दौरान पूर्व विधायक ने कंपनी के ठीकेदार से टेलीफिनक वार्ता कर मुआजवे की मांग किया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, प्रमुख प्रतिनिधि संजय राणा, शिक्षक संतोष पांडेय, समाजसेवी सीताराम रविदास, सोबरन यादव, सकलदेव यादव, गणेश भुइयाँ, कामेश्वर भुइयाँ, रंजन रवि, ईश्वर रविदास, राजू रविदास सहित अन्य।

APEM LIVE

## सुमन गिरी बने विप्र कल्याण महासंघ के जिला अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : गोसाईं बलिया निवासी सुमन गिरी को ब्राहमणों की लोकप्रिय संस्था विप्र कल्याण महासंघ का जिला अध्यक्ष हजारीबाग के पद पर नियुक्त किया गया है। पुर्व में सुमन गिरी जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने उनके बेहतर कार्य को ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष के पद पर प्रोन्नति दिया है। नियुक्ति पत्र आनलाइन भेजा गया है। नियुक्ति होने के बाद से हजारीबाग क्षेत्र के ब्राहमणों में हर्ष व्याप्त है। कई गणमान्य लोगों ने सुमन गिरी को जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएँ दी है। शुभकामना देने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक जगदीश्वर मिश्रा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर पाठक, पत्रकार उग्रसेन गिरी, मीडिया प्रभारी इन्द्रजीत गिरी, जिला संरक्षक बसंत नारायण तिवारी, लाल मोहन गिरी, धरम जय दुबे, रमेश गिरी, सुरेश गिरी, मदन पांडे, मोतीलाल गिरी, परमेश गिरी, सच्चिदानंद पांडे, राजेश गिरी, मनीष पांडे, संजीव मिश्रा, बडकागांव प्रखण्ड अध्यक्ष रंजन कुमार पाण्डेय सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई देते हुए लंबी उम्र की कामना की है।

## कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय में खेल दिवस मनाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : खेल दिवस के अवसर पर कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय के द्वारा 11वीं एवं 12वीं छात्राओं में स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें 11वी क्लास की कैप्टन माया कुमारी थी, टीम मे काजल कुमारी, पायल कुमारी, रिंकी, प्रियंका, बबीता, पार्वती और सावित्री तथा 12 वी क्लास की कैप्टन पूजा कुमारी थी, इसके टीम में रुचि, पिंकी , नेहा परवीन, अंजलि, रेखा एवं रीना थी । 11वी के छात्राओं ने 20 अंक लाकर विजय हुई स इसके अलावा 12 वी की छात्राओं को 9 अंक मिला तथा छात्रों ने 2 टीम में फुटब०ल का खेल खेला स खेल का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनीषा भारती स्वयं कर रही थीस प्रो. संगीता कुमारी, प्रो. आशा कुमारी खेल का आयोजन में सहयोग किया स महाविद्यालय के सचिव प्रो. रामसेवक ने शिक्षा के साथ खेल भी अनिवार्य है, इस विषय पर छात्र–छात्राओं को संदेश दिया ।

## विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर साढे 40 लाख की लागत से होगा विद्यालय के चारदिवारी का निर्माण

### बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के खैरातरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर की होगी चारदीवारी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के खैरातरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण होगी। विद्यालय के चारदीवारी निर्माण में लगभग सांढे 40 लाख लागत की आएगी ।जिसके लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। इस अवसर पर विधायक ने हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यालय के चारदीवारी निर्माण से विद्यालय की बाह्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी साथ ही चारदीवारी निर्माण से विद्यालय परिसर में बच्चे सुरक्षित रहेंगे। वहीं विद्यालय के स्वरूप में भी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है

## डॉ रामानुज ने शुरू किया आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी, बनाया अपन माटी मोर्चा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पिछले विधानसभा चुनाव में मिली हार से सबक लेकर एक बार फिर से समाजसेवी डॉ रामानुज ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दिया। डॉ रामानुज ने अपन माटी मोर्चाष नामक राजनीतिक संगठन बनाकर चुनाव प्रचार किया तेज़। इस संदेर्भ मे डॉ रामानुज ने बताया कि हमारा संगठन बरही विधानसभा के प्रत्येक पंचायत व वार्ड लेबर तक विस्तार किया जाएगा। पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत अध्यक्ष व प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। डॉ रामानुज ने बरही विधानसभा वासियो से आग्रह किया कि आप भी इस माटी से जुड़कर लोगों के लिए मददगार बनना चाहते है तो हमारे मुहिम से जुड़े। कहा अपन माटी मोर्चा समाजिक न्याय व इंसाफ की लडाई समाज के हर वर्ग के लिए लडेगी । आने वाले वक्त में इस क्षेत्र के राजनैतिक भविष्य को तय करेगी तथा बरही विधान सभा में स्थानीय प्रतिनिधित्व को बढावा देगी । हमारे संगठन का उद्देश्य बरही विधान सभा में बेहतर शिक्षा के लिए महाविद्यालय व सम्पूर्ण सुविधायुक्त बड़े अस्पताल की माँग प्रमुखता से करेगी ।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार